**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 12**
**सोमवार, 21 जुलाई, 2025 (30 आषाढ़, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

**अहमदाबाद में हुई एआई 171 विमान दुर्घटना की जांच की स्थिति**

**12. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अहमदाबाद में हुई एआई 171 विमान दुर्घटना की विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की जा रही जांच की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या जांच में तोड़फोड़ के पहलू को भी ध्यान में रखा जा रहा है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ब्लैक बॉक्स को जांच हेतु विदेश भेजा गया है;

(ङ) यदि हाँ, तो विदेश भेजने के क्या कारण हैं; और

(च) क्या यह संभव नहीं है कि यदि ब्लैक बॉक्स को विदेश भेजा जाता है, तो बोइंग कंपनी उसके आंकड़ों के साथ कोई हेरफेर कर सकती है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): अहमदाबाद में दिनांक 12.06.2025 को एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के संभावित कारण(णों)/योगदायी कारक(कों) का निर्धारण करने के लिए वायुयान (दुर्घटनाओं और घटनाओं का अन्वेषण) नियमावली, 2017 के नियम 11 के तहत महानिदेशक, वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा जांच का आदेश दिया गया है।

दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट एएआईबी द्वारा 12 जुलाई, 2025 को प्रकाशित की गई है और यह उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है।

(ख) और (ग): दुर्घटना के संभावित कारण(णों)/योगदायी कारक(कों) का निर्धारित करने के लिए हर पहलू की जांच-पड़ताल की जा रही है।

(घ) से (च): वीटी-एएनबी विमान के फ्लाइट रिकॉर्डरों को विदेश नहीं भेजा गया है। वीटी-एएनबी के फ्लाइट रिकॉर्डरों में से एक से डेटा को उड़ान भवन स्थित वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की फ्लाइट रिकॉर्डर लैब में डाउनलोड कर लिया गया है।

******